मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक: 29/08/2020

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति - 698/2020

29 अगस्त 2020

राजभवन, रांची

==========

माननीया राज्यपाल श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से आज राजभवन में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने मुलाकात की। राज्यपाल से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को सप्रेम पौधा भेंट करते हुए उन्हें प्रकृति पर्व 'करम पूजा' की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

माननीया राज्यपाल से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत के क्रम में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि कोरोना संक्रमण के चलते 'करम पर्व' का उत्साह लोगों के मन में ही दबा रह गया है। हम सब को इसकी पीड़ा है। उन्होंने कहा कि परिस्थिति को ध्यान में रखना है। सामाजिक दूरी बनाकर ही इस पर्व को मनाना है। मुख्यमंत्री ने आम जनता से अपील किया कि कोविड-19 के गाइडलाइन के तहत सरकार के आदेशों का आप सभी लोग पूरा पालन करें। स्वस्थ रहें और सुरक्षित रहें।

###

==========

#Team PRD(CMO)